### सारंग ने 25 फीट ऊंचे दीप स्तंभ में जलाया आशीर्वाद का दीया

# नरेला में जले सवा लाख दीप



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नरेला विधानसभा क्षेत्र में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अपने निवास पर 25 फीट ऊंचे दीप स्तंभ में दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर 9,125 दीप जलाकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई।

मंत्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र के मंदिरों, चौराहों, गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर सवा लाख दीप प्रज्ज्वलित किए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 25 फीट ऊंचे दीप स्तंभ और 9,125 दीपों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सेवा और समर्पण पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें उनके सार्वजनिक जीवन से जुड़ी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

मंत्री सारंग ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत ऐशबाग में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि दीप प्रज्ज्वलन और रक्तदान जैसे सेवा कार्यों के माध्यम से लोगों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।



राजधानी में गुरुवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने चार स्थानों पर आशीर्वाद का दीया जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में कार्यकर्ता और सामाजिकजन शामिल हुए।

# सबनानी ने दी विकास कार्यों की सौगात

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विधायक भगवानदास सबनानी ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

इस दौरान कई वार्डों में सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नाली निर्माण और अन्य सुविधाओं से जुड़े कार्य शुरू किए गए। विधायक सबनानी ने वार्ड 28 में मां पीतांबरा मंदिर परिसर में 9.60 लाख रुपए के सामुदायिक भवन, सुदामा नगर में 15 लाख रुपए के सीसी रोड और नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। वहीं वार्ड 29, 25, 24 और 27 में भी विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। वार्ड 32 स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में 40 लाख रुपए की लागत से बने संत निवास का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रमों के दौरान विधायक ने पौधारोपण, रक्तदान शिविर और खादी ग्रामोद्योग यात्रा में भी सहभागिता की। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर प्रसाद वितरण किया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत जवाहर चौक और रोशनपुरा चौराहे पर दीप प्रज्ज्वलित किए गए।



# भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के दिव्य शिल्पकारः कृष्णा गौर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के दिव्य शिल्पकार हैं। उनका ज्ञान, कौशल और निर्माण क्षमता सभी के लिए प्रेरणादायी है। विश्वकर्मा जयंती हमें सृजन, परिश्रम और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देती है। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के बागसेवनिया स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में देश का निर्माण और विकास लगातार आगे बढ़ रहा है।

## महिला एवं बाल विकास में समस्याओं के समाधान के लिए लगेंगे शिविर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। आयुक्त संदीप जी.आर. के निर्देश पर संभाग और जिला स्तर पर हर माह के प्रथम और तृतीय बुधवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक शिविर लगेंगे। शिविरों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित सभी कर्मचारी अपनी समस्याएं प्रस्तुत कर सकेंगे। नियुक्ति, वेतनमान, पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन और अन्य देयकों से जुड़े मामलों का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा।

## गहोई समाज द्वारा कल श्रद्धा से मनाया जाएगा राधाष्टमी पर्व

**नप्र, भोपाल :** श्री गहोई वैश्य समाज द्वारा 19 सितंबर शनिवार को फतेहगढ़ स्तिथ श्री राधा कृष्ण कंठाली मंदिर मे राधाजी के प्राकट्योत्सव का पर्व राधाष्टमी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष तनुज कुदरिया और मंत्री अखिल रेजा ने देते हुए बताया कि राधाजी के जन्मोत्सव का कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। सर्वप्रथम स्वजतीय बन्धुओं द्वारा राधे राधे संकीर्तन ओर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीराधाकृष्ण की प्रतिमाओं का अभिषेक ओर फिर आकर्षक श्रंगार किया जाएगा। ततपश्चात दोपहर 12 बजे राधारानी की महाआरती होगी ओर फिर महिला मंडल की सदस्य जन्मोत्सव बधाई, गीत की प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर स्वजतीय बच्चों द्वारा राधाजी के स्वरूप में आकर्षर प्रस्तुति देंगे।

## श्रीनिवास तिवारी के विधानसभा संचालन के प्रसंग आज भी प्रेरणादायीः मुख्यमंत्री



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी की जयंती पर मध्यप्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री तिवारी ने लोकतांत्रिक परंपराओं और विधानसभा संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के मान-सम्मान को बनाए रखने के लिए श्री तिवारी की कार्यशैली और विधायी प्रक्रियाओं का ज्ञान आज भी प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि श्री तिवारी 1993 से 2003 तक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे और उनका प्रदेश की राजनीति में लंबा कार्यकाल रहा।

# हुजूर में 2047 पौधों से तैयार किया गया नमो उपवन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को हुजूर विधानसभा के केकड़िया में नमो उपवन में 2047 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, आदिवासी ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पौधों से तैयार नमो उपवन कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा।

नर्मदा पुत्र दादा गुरु के सान्निध्य और विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने पौधारोपण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में कई लोगों ने पौधों के साथ सेल्फी भी ली। 2047 पौधों का यह आयोजन विकसित भारत-2047 के संकल्प और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा, संकल्प और राष्ट्रनिर्माण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से प्रकृति संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया है।

# प्रेमिका के घर पेट्रोल बम फेंकने का मामला, आरोपी पर केस दर्ज

**शादी तय होने से नाराज युवक ने दी थी मंगेतर को धमकी, पुलिस कर रही जांच**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के टीटी नगर इलाके में एक युवक द्वारा युवती के घर पेट्रोल बम फेंककर आग लगाने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना 14 सितंबर की बताई जा रही है, जिसका वीडियो गुरुवार को सामने आया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अरबाज उर्फ भैयू युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती ने उसका प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। इसके बाद भी आरोपी लगातार युवती का पीछा कर परेशान कर रहा था। कुछ समय बाद युवती की शादी कहीं और तय हो गई, जिससे नाराज होकर आरोपी ने कथित रूप से यह कदम उठाया। आरोप है कि आरोपी ने युवती के मंगेतर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद युवती की मोपेड में पत्थर मारकर तोड़फोड़ की गई। परेशान होकर युवती ने डायल-112 पर सूचना देने के साथ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

घटना वाले दिन आरोपी ने युवती के घर को निशाना बनाते हुए पेट्रोल से भरी बोतलनुमा वस्तु फेंकी। अचानक हुए हमले से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आग बुझाई और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर टीटी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के कारणों और उससे जुड़ी अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है।

# भोपाल-सीहोर समेत कई जिलों में तेज बारिश, हाईवे पर धीमी हुई वाहनों की रफ्तार



आष्टा में एक घंटे तक झमाझम बारिश, देवास के हाटपिपलिया में पौने दो इंच पानी गिरा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को तेज बारिश हुई। भोपाल, सीहोर और देवास सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। भोपाल-इंदौर हाईवे और कन्नौद-खंडवा हाईवे पर बारिश के दौरान वाहनों की रफ्तार धीमी रही। भोपाल के कोहेफिजा क्षेत्र में भी तेज बारिश हुई।

भोपाल-इंदौर मार्ग स्थित सोनकच्छ में दोपहर के समय तेज बारिश हुई। सीहोर के आष्टा में दोपहर 2 से 3 बजे के बीच करीब एक घंटे तक बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि कुछ दूरी तक दिखाई देना मुश्किल हो गया। ग्वालियर में दिनभर की उमस भरी गर्मी के बाद शाम को झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली तथा मौसम सुहाना हो गया।

पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 32 जिलों में बारिश दर्ज की गई। भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, भिंड, मुरैना, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, मैहर, रीवा, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, अशोकनगर, धार, खरगोन, खंडवा, देवास और शाजापुर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। देवास के हाटपिपलिया में पौने दो इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में अब तक औसत 33.1 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य कोटे की 88.7 प्रतिशत है। प्रदेश में सामान्य बारिश 37.3 इंच है। मौसम केंद्र के अनुसार सितंबर के अंतिम सप्ताह में तेज बारिश का दौर आ सकता है। फिलहाल 20 सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट नहीं है।

## शौर्य स्मारक पर रजनीश अग्रवाल ने जलाया आशीर्वाद का दीप



**नप्र, भोपाल :** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भोपाल के शौर्य स्मारक स्थल पर आशीर्वाद का दीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में शाम सात बजे दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इससे पहले उन्होंने अपने निवास पर भी दीप जलाए। सांसद रजनीश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्र प्रथम के भाव को समर्पित है। उन्होंने मां भगवती से प्रधानमंत्री के स्वस्थ और सशक्त रहने की कामना की, ताकि वे देशवासियों की सेवा और सुरक्षा करते रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में और इससे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी लगातार जनसेवा में जुटे रहे हैं। उन्होंने देश में बुनियादी सुविधाओं, अधोसंरचना, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

# स्नातक विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एनआईटीटीटीआर में शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के स्नातक विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य अतिथि एवं प्रेरक वक्ता के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि देश तेजी से बदल रहा है और भारत दुनिया के लिए निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में युवाओं के सामने स्वयं को विकसित करने और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के व्यापक अवसर हैं। विद्यार्थियों को नौकरी को अंतिम लक्ष्य न मानकर अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना चाहिए। मिश्रा ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए छह सी को महत्वपूर्ण बताया। इनमें जिज्ञासा, दक्षता, रचनात्मकता, संवाद कौशल, चरित्र और योगदान शामिल हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से ज्ञान, कौशल, चरित्र और मूल्यों के संतुलित विकास पर ध्यान देने की अपील की। डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. संजय अग्रवाल ने संस्थान की उपलब्धियों और तकनीकी शिक्षा में भूमिका पर प्रकाश डाला।

## शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग, अभ्यर्थी का सातवें दिन भी निर्जल अनशन

**आंदोलनकारियों ने खून से पत्र लिखकर इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी, 28 दिन से जारी है प्रदर्शन**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन 28वें दिन भी जारी है। डीपीई के सामने पिछले तीन दिन से प्रदर्शन चल रहा है। राजगढ़ के ब्यावरा निवासी नरेंद्र राजपूत सात दिन से निर्जल भूख हड़ताल पर हैं। अभ्यर्थियों के अनुसार, उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है और बुधवार रात वह कई बार बेहोश हुए।

आंदोलनकारियों ने खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। पत्र में शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होने और लंबे समय से जारी आंदोलन का उल्लेख किया गया है।

नरेंद्र राजपूत के अनुसार, उन्होंने सात दिन से पानी नहीं पिया है। उनका कहना है कि उन्हें हार्ट में दर्द और बीपी बढ़ने की समस्या हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तबीयत बिगड़ने के बावजूद गुरुवार सुबह तक डॉक्टर जांच के लिए नहीं पहुंचे।

बुधवार रात तेज बारिश के बावजूद अभ्यर्थियों का प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी बारिश में भीगते हुए नारेबाजी करते रहे।

अभ्यर्थियों की मांग है कि वर्ग-2 माध्यमिक शिक्षक भर्ती में कम से कम 10 हजार पद बढ़ाकर दूसरी काउंसलिंग कराई जाए। वहीं, वर्ग-3 प्राथमिक शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाकर कम से कम 25 हजार करने और दूसरी काउंसलिंग शुरू करने की मांग है। अभ्यर्थियों का कहना है कि स्कूल शिक्षा और जनजातीय कार्य विभाग में बड़ी संख्या में शिक्षक पद रिक्त हैं।

## प्रोजेक्ट चीता के चार वर्ष पूरे, वन विहार में आयोजित हुई चीता चौपाल

**नप्र, भोपाल :** मध्य प्रदेश में चीतों के पुनर्स्थापन के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में चीता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को चीता संरक्षण, पुनर्स्थापन की यात्रा और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव वन राघवेंद्र कुमार सिंह ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर चीतों के संरक्षण, प्रजनन और रहवास प्रबंधन की जानकारी दी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन और मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समिता राजोरा ने विद्यार्थियों को चीता पुनर्वास और संरक्षण से जुड़े विषयों से अवगत कराया।

# हिंदीतर भाषियों के लिए श्रुतलेखन प्रतियोगिता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, शामला हिल्स में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित हिंदी पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत श्रुतलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन राजभाषा इकाई द्वारा हिंदीतर भाषियों के लिए किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य अहिंदी भाषी कार्मिकों और प्रतिभागियों में राजभाषा हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाना, शुद्ध लेखन कौशल को प्रोत्साहित करना और व्यावहारिक भाषा ज्ञान को मजबूत करना था।कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी भाषाई दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन श्री श्रीकांत गुप्ता और डॉ. प्रीतम चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। समापन अवसर पर संग्रहालय के निदेशक डॉ. अमिताभ पांडे ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

# बीटेक छात्रा की मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**नप्र, भोपाल :** राजधानी के अवधपुरी इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 20 वर्षीय बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा की मौत हो गई। घटना के समय छात्रा घर पर अकेली थी। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन जब्त कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार, छात्रा अवधपुरी के नक्षत्र कॉम्प्लेक्स में रहती थी और एक निजी कॉलेज से बीटेक प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। बुधवार शाम उसका भाई किसी काम से बाहर गया था। घर लौटने पर उसने छात्रा को गंभीर हालत में देखा। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अवधपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतका के पिता बैंक कर्मचारी हैं और उत्तर प्रदेश में पदस्थ हैं। उसका भाई यूक्रेन से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर लौटा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अंकित शर्मा पिता श्री शिवाकुमार आयु वयस्क, निवासी- 282, गली नं. 01, गीता नगर, पोस्ट सिरपुर, इंदौर म.प्र. मेरे पुत्र का नाम अराध्य शर्मा (ARADHY SHARMA) है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड, समग्र आई.डी एवं कुछ दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम आराध्या शर्मा (AARADHYA SHARMA) दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम अराध्य शर्मा (ARADHY SHARMA) एवं मेरे पुत्र की माता का नाम श्वेता शर्मा जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण एवं अंकसूचीयों में दर्ज है, जो कि सही व सत्य है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र का सही नाम अराध्य शर्मा (ARADHY SHARMA) एवं मेरे पुत्र की माता का नाम श्वेता शर्मा पढ़ा एवं लिखा जाये।

**गलत नाम:-आराध्या शर्मा (AARADHYA SHARMA)**

**सही नाम:-अराध्य शर्मा (ARADHY SHARMA)**

1674